संपादकीय

# बेमौसम की बारिश

वैज्ञानिक दशकों से चेतावनी दे रहे हैं कि सरकारों ने जलवायु परिवर्तन से निपटने रणनीति नहीं बनाई, तो ये समस्याएं बढ़ती जाएंगी। मगर आज भी ये चेतावनी राष्ट्रीय चिंता और चर्चा का हिस्सा नहीं है।

फिलहाल खबरें उत्तर प्रदेश से आई हैं कि बीते एक हफ्ते में हुई असामान्य बारिश से वहां फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि जुलाई- अगस्त में जब बारिश की जरूरत थी, तब बहुत कम या बिल्कुल ही बारिश नहीं हुई। इससे खास कर धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा। अब जबकि बारिश की जरूरत नहीं थी, तो इतनी बारिश हुई है कि कई जगहों पर फसलें डूब गई हैं या बारिश के कारण उन्हें काफी नुकसान पहुंचा है। इस तरह उस समय जबकि महंगाई सहित अन्य आर्थिक समस्याओं की मार वे पहले से झेल रहे हैं, उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। यानी एक तरह से उनके साथ मुसीबत में आटा गीला होने की कहावत दोहराई गई है। बहरहाल, गौर करने की बात यह है कि बेतरतीब मौसम की यह कोई पहली घटना नहीं है। बल्कि पिछले कुछ महीनों के दौरान ही भारत में और आसपास जलवायु की ऐसी मार पड़ी है। अभी ज्यादा वक्त नहीं गुजरा, जब बेंगलोर शहर परेशान हुआ था। वहां असामान्य बारिश और उससे जल-जमाव का ऐसा नजारा देखने को मिला कि भारत की 'सिलिकॉन वैली' की इमेज धुंधली हुई।

इसके पहले पाकिस्तान में जो अभूतपूर्व बारिश और बाढ़ से तबाही हुई, वह तो अब भी दुनिया की चिंता बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों ने उचित ही इन परिघटनाओं को जलवायु परिवर्तन का परिणाम बताया है। सरकारों का बेशक यह फर्ज है कि मौसम की मार झेल रही आबादी को राहत देने के प्रयास वे करें। मगर ऐसे प्रयासों से हर वर्ष ज्यादा गंभीर हो रही जलवायु परिवर्तन की समस्या का कोई समाधान नहीं निकलेगा। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि चिंता और चर्चाओं में यह पहलू गायब रहता है। अगर कभी इसका जिक्र होता भी है, तो लाचारी जताने के लिए ऐसे किया जाता है। जबकि वैज्ञानिक कम से कम तीन दशकों से चेतावनी दे रहे हैं कि अगर सरकारों ने जलवायु परिवर्तन रोकने और परिवर्तन के परिणामों का मुकाबला करने की कारगर रणनीति नहीं बनाई, तो ये समस्याएं बढ़ती जाएंगी। मगर आज भी अगर ये चेतावनी राष्ट्रीय चिंता और चर्चा का हिस्सा नहीं है, तो इसे हमारी आत्मघाती प्रवृत्ति के अलावा और क्या कहा जा सकता है?

# अमेरिका में सीतारमण का तर्क: हमारा रुपया कमजोर नहीं, आपका डॉलर मजबूत हो रहा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारतीय रुपया नहीं गिर रहा है, बल्कि यूएस डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि आरबीआई रुपये को नीचे जाने से रोकने की पूरी कोशिश कर रहा है। सीतारमण इस समय अमेरिका की अपनी आधिकारिक यात्रा पर हैं। वे वाशिंगटन डीसी में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं।

बता दें कि आज एक डॉलर के सामने 82.69 पर रुपया पहुंच गया है। इसका अर्थ हुआ कि आपको एक डॉलर के लिए 82.69 रुपये खर्च करने होंगे। विशेषज्ञों की मानें तो डॉलर की इतनी मजबूती और रुपये की इतनी कमजोरी ठीक नहीं, खासकर आर्थिक विकास दर के लिहाज से।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि दुनिया के अन्य देशों की करंसी देखें तो उसके मुकाबले अपना रुपया अच्छा परफॉर्म कर रहा है। उन्होंने 'इमर्जिंग मार्केट करंसी' की बात की। इसका अर्थ हुआ वे देश जो विकास की ओर अग्रसर हैं, उन सभी के मुकाबले अपना रुपया अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। गिरावट पर अपना तर्क देते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा कि रुपया इसलिए गिर रहा है क्योंकि डॉलर दिन ब दिन मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि अपना रुपया कमजोर नहीं हो रहा है। बकौल सीतारमण, रुपया फिसल नहीं रहा बल्कि डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि रिजर्व बैंक का ध्यान इस बात की ओर ज्यादा है कि बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव नहीं हो, इसलिए केंद्रीय बैंक भारतीय करंसी को फिक्स करने के लिए बाजार में कोई दखलंदाजी नहीं कर रहा।

गिरते रुपये को थामने के क्या उपाय किए जा रहे हैं? इसके जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि जाहिर है, अन्य सभी करंसी अमेरिकी डॉलर की मजबूती के खिलाफ टिकी हुई हैं। यह तथ्य की बात है कि भारतीय रुपया लगातार बढ़ते अमेरिकी डॉलर के सामने अपना परफॉर्मेंस जारी रखे हुए है, एक्सचेंज रेट भी डॉलर के पक्ष में जा रहा है। भारतीय रुपये ने कई अन्य उभरती बाजार की करंसी की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।

# आईफोन के साथ चार्जर न देना कंपनी को पड़ा भारी, एप्पल को लगा 164 करोड़ रुपए का जुर्माना



**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन के साथ चार्जर न देना एप्पल कंपनी को महंगा पड़ गया है, क्योंकि स्मार्टफोन के साथ चार्जर न देना अब एक चलन सा बन गया है। लेकिन अब एप्पल का यह फैसला उसे काफी महंगा पड़ गया है। ब्राजील में बिना चार्जर आईफोन बेचने को लेकर एप्पल पर 20 मिलियन डॉलर यानी करीब 164 करोड़ रुपए का जुर्माना लगा दिया है।

चार्जर न देने की शुरुआत एप्पल ने की थी और देखादेखी अब गूगल, सैमसंग से लेकर शाओमी जैसी कंपनियां भी अपने फोन के साथ चार्जर नहीं दे रही हैं। ब्राजील की कोर्ट के एक न्यायाधीश ने कहा है कि एप्पल ने आईफोन के साथ चार्जर न देकर ग्राहकों को एक अतिरिक्त प्रोडक्ट खरीदने के लिए मजबूर किया है।

एप्पल पर इससे पहले भी पिछले महीने ब्राजील के न्याय मंत्रालय ने इसी मुद्दे को लेकर करीब 2.5 मिलियन डॉलर का अलग जुर्माना लगाया था। एप्पल ने आईफोन12 के साथ अक्टूबर 2020 से चार्जर न देने की शुरुआत की थी। एप्पल पर फ्रांस में भी इसी तरह का जुर्माना लग चुका है।

# राष्ट्रीय आर्चरी चैंपियनशिप में तेलंगाना ने मारी बाजी



लखनऊ। दूसरी राष्ट्रीय आर्चरी चैंपियनशिप प्रतियोगिता का खिताब तेलंगाना की टीम को मिला। इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन काउंसिल द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता ला मार्टिनियर ग्राउंड में हुयी जिसमें देश के अलग-अलग हिस्सों पर आई हुई टीमों ने प्रतिभाग किया। तेलंगाना की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की टीमों को संयुक्त रूप से दूसरा स्थान मिला। प्रतियोगिता अंडर-16, अंडर-17 व अंडर-19 के स्कूली छात्र छात्राओं के के बीच खेली गई। प्रतिभाग करने वाले खिलाडिय़ों को सर्टिफिकेट के साथ मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# आईपैड को स्मार्ट डिस्प्ले में बदलने की तैयारी कर रहा एप्पल



**नई दिल्ली।** एप्पल कथित तौर पर अपने आईपैड को एक स्मार्ट डिस्प्ले और स्पीकर में बदलने के लिए काम कर रहा है, जो फेसबुक पोर्टल या अमेजॉन इको शो स्मार्ट होम डिवाइस की तरह काम कर सकता है। ब्लूमबर्ग के मार्क गुरमन के अनुसार, टेक दिग्गज इन स्मार्ट क्षमताओं को अगले साल की तरह ही अपने आईपैड में पेश कर सकते हैं। आईपैड डॉकिंग स्टेशन यूजर्स को फेसटाइम के माध्यम से कॉल करने और स्मार्ट होम डिवाइस पर हैंड-फ्री की अनुमति दे सकता है।

यह अमेजॉन फायर टैबलेट के समान होगा, जिसमें यूजर्स को स्मार्ट डिस्प्ले के लिए चार्जिंग डॉक में रखने की सुविधा मिलेगी।

गूगल ने पिछले हफ्ते अपने आगामी पिक्सेल टैबलेट के लिए डॉकिंग एक्सेसरी की घोषणा की, जो होम ऐप के माध्यम से स्मार्ट होम डिवाइस को नियंत्रित करने के लिए नेस्ट हब मैक्स के रूप में काम करेगी। एप्पल जल्द ही आईपैड प्रो का अनावरण करने वाला है, जिसके 11-इंच और 12.9-इंच मॉडल और एम2 सिलिकॉन चिप के साथ आने की संभावना है।

रिपोर्ट के मुताबिक, एप्पल होमपैड के अपडेटेड वर्जन पर भी काम कर रहा है। होमपॉड की अगली जनरेशन में एक अपडेटेड डिस्प्ले, एक एस8 चिप और मल्टी-टच कार्यक्षमता हो सकती है। कंपनी एक कैमरे से लैस एक संयुक्त एप्पल टीवी और स्मार्ट स्पीकर डिवाइस की भी योजना बना रही है।

एप्पल ने हाल ही में ताइवान सरफेस माउंटिंग टेक्नोलॉजी (एसएमटी) के साथ साइन अप किया है, जो 2024 तक आईपैड प्रो में हाइब्रिड ओएलईडी डिस्प्ले का उपयोग करके टेक दिग्गज को आगे बढ़ा सकता है। आईपैड और आईपैड प्रो का डिस्प्ले यूजर्स को बेहतरीन एक्सपीरियंस देगा।

# विश्वकप से अधिक महत्वपूर्ण है बुमराह का करियर : रोहित



**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का करियर टी-20 विश्वकप से अधिक महत्वपूर्ण है।

विश्वकप की पूर्व संध्या पर रोहित ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह का करियर टी-20 विश्वकप से ज्यादा मायने रखता है। विश्वकप निसंदेह महत्वपूर्ण है मगर उनका करियर उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। वह अभी सिर्फ 27-28 साल के है और उनके आगे काफी क्रिकेट पड़ा है। हमने कई विशेषज्ञों से उनकी चोटों के बारे में बात की, लेकिन हमें अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली।

उन्होने कहा हम बुमराह को खिला कर कोई जोखिम नहीं उठा सकते। हमने जिन विशेषज्ञों से बात की, वे सभी एकमत थे। उसके आगे बहुत क्रिकेट है, वह और भी बहुत कुछ खेलेगा और भारत को मैच जिताने में मदद करेगा।

पीठ की चोट से ग्रसित बुमराह को टी-20 विश्वकप से अलग कर दिया गया है। उन्हे पूरी तरह फिट होने में और छह हफ्ते लगने की संभावना है। बीसीसीआई ने बुमराह के स्थान पर मोहम्मद शमी को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किये जाने की घोषणा की है।

शमी ने 2021 में टी-20 विश्वकप में आखिरी बार क्रिकेट के फटाफट प्रारूप में हिस्सा लिया था। कोरोना से ग्रसित होने के कारण वह लंबे समय से क्रिकेट से दूर रहे हैं। नयी गेंद से दुनिया के किसी भी बल्लेबाज को परेशान करने वाले शमी डेथ ओवरों में भी धारदार गेंदबाजी के लिये जाने जाते है। कई फिटनेस टेस्ट से गुजरने के बाद अंततः उन्हें आस्ट्रेलिया जाने का निर्देश मिला।


# मीडिया ओलंपिक : टीटी में शरददीप, कैरम में संजीवनी ने जीता खिताब



**लखनऊ।** नवाब नगरी लखनऊ में पहली बार खेले जा रहे मीडिया ओलंपिक के पहले दिन टेबल टेनिस में शरददीप अग्रवाल और कैरम में संजीवनी ने बालिका अण्डर-16 का खिताब अपने नाम कर लिया।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में पहले दिन कैरम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और फुटबाल शूटआउट को मुकाबले हुए। शरददीप ने गुलशन द्विवेदी को 11-8, 5-21, 11-5, 8-11, 11-4 से हराया जबकि तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से राजीव तिवारी बाबा और आदित्य श्रीवास्तव रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव खेल डॉ. नवनीत सहगल और मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार मृत्युंजय कुमार ने किया। इस मौके पर डॉ. सहगल ने कहा, मुझे मीडिया ओलंपिक को देखकर पहले एथेंस ओलंपिक की याद आ रही है जहां कुछ ही लोग इक_ा हुए थे। आगे चलकर ओलंपिक दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन बन गया है। इसी तरह मीडिया ओलंपिक भी तरक्की करेगा। इस मौके पर अंतराष्ट्रीय मैराथन धावक शिव कुमार यादव, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी समेत मीडिया और उनके परिवार के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

# टाइगर 3 की रिलीज टली, अगले साल दिवाली पर आएगी फिल्म



सलमान खान और कैटरीना कैफ टाइगर 3 के साथ एक बार फिर दर्शकों के बीच आने वाले हैं। अब इस फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है। मेकर्स ने घोषणा की है कि टाइगर 3 अगले साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म अगले साल 21 अप्रैल को आने वाली थी, लेकिन अब फैंस को फिल्म देखने के लिए और इंतजार करना पड़ेगा। यशराज फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण किया गया है।

यशराज फिल्म्स ने आज यानी शनिवार को ट्विटर पर फिल्म की नई रिलीज डेट घोषित की है। यशराज फिल्म्स ने एक पोस्टर शेयर करते हुए अपने ट्वीट में लिखा, दिवाली 2023 में दहाड़ेंगे टाइगर! यशराज फिल्म्स के साथ केवल अपने नजदीकी सिनेमाघरों में टाइगर 3 का जश्न मनाएं। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रही है। अब यह फिल्म ईद के मौके पर ना आकर, दिवाली के खास अवसर पर बड़े पर्दे पर आएगी।

फिल्म से सलमान का लुक शेयर किया गया है, जिसमें वह गंभीर मुद्रा में दिखे हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी कैटरीना कैफ के साथ जमेगी। इस फ्रेंजाइजी की फिल्मों में दोनों को दर्शकों ने खूब प्यार दिया है। सलमान फिल्म में रॉ एजेंट अविनाश सिंह राठौर की भूमिका में दिखेंगे। वहीं, कैटरीना को फिल्म में फिर से जोया की भूमिका में देखा जाएगा। इन दोनों को 2019 में रिलीज हुई फिल्म भारत में भी एक साथ देखा गया था।

# 'ड्रीम गर्ल 2' की तैयारी के लिए किशोर कुमार का गाना सुन रहे हैं आयुष्मान



अगर आप आयुष्मान खुराना की उत्कृष्टता और सफल स्ट्रीक के कारण के बारे में सोच रहे हैं, तो सीधे आयुष्मान से सुनें: वह भारतीय सिनेमा के सबसे कुशल कलाकारों में से एक – गायक-अभिनेता-संगीतकार किशोर कुमार को अपना आदर्श मानते हैं। और यही बात आयुष्मान के काम में भी झलकती है, चाहे वह उनका अभिनय कौशल हो या संगीत प्रतिभा जो उनके पास है।

उसी के बारे में बात करते हुए, आयुष्मान ने कहा, किशोर कुमार बहु-प्रतिभाशाली थे और एक कलाकार के रूप में, मैं हर मोड़ पर उनसे प्रेरणा लेता हूं। वह मेरे गुरु रहे हैं और उनका काम मुझे सीमाओं को पार करने और अज्ञात क्षेत्रों का पता लगाने के लिए प्रेरित करता है।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। किसी भी काम में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। आज धैर्य और सयंम से काम लेना चाहिए। आज कार्यों के वजह से भागदौड़ की अधिकता ज्यादा रहेगी।

***वृष :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपका दिन दूसरों की सेवा-सत्कार में बीतेगा। आज लोग आपसे काफी प्रभावित होंगे। इस राशि के बिजनेसमैन को मन मुताबिक फायदा होने के योग हैं।

***मिथुन :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। रिश्तेदारों का घर पर आना-जाना लगा रहेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आप सेहतमंद बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में मिठास बनी रहेगी। किसी से संपर्क करने के लिए दिन अच्छा है।

***कर्क :*** आज व्यापार सामान्य लाभ देगा। आज आपके पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। करियर को लेकर उतार-चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिल सकती है। आज अधिकारी वर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। आज किसी काम को मन लगाकर करेंगे तो उसमे सफलता मिलेगी।

***सिंह :*** आज उच्च अधिकारी से अच्छे रिश्ते बनाये रखने का प्रयास फलदायक होगा। आज आपको किसी मित्र से सहयोग मिलेगा। करियर में तरक्की के योग बने हुए है। ऑफिस में माहौल आपके अनुकूल बना रहेगा।

***कन्या :*** आज कार्यक्षेत्र में नये विचारों का समावेश होगा। आज जिस काम से यात्रा करेंगे, उसमें कामयाबी हासिल होगी। कार्यों में जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। राजनीति के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

***तुला :*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको किसी काम में अपने जीवनसाथी की मदद मिल सकती है। दाम्पत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। छात्रों के लिये आज का दिन करियर में नया बदलाव लायेगा। अगर आप किसी नये बिजनेस की शुरुआत करने की सोच रहे हैं, तो आपको उसमें सफलता मिलेगी। आपका मन प्रसन्न रहेगा।

***धनु :*** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी विशेष काम में परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति होने के चांस बन रहे हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स को किसी प्रोजेक्ट में सफलता मिल सकती है।

***मकर :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज मित्रों से मेल-जोल बढ़ेगा। संतान आपकी बातों से प्रभावित होंगे, साथ ही अपनी जिम्मेदारियों को समझेंगे। आज आपका संपर्क किसी उच्च अधिकारी से होगा।

***कुंभ :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ मीठी नोक-झोक होगी, जिससे रिश्ते और मजबूत होंगे। कोई भी नये कार्य की शुरुआत किसी अनुभवी व्यक्ति से लेकर करेंगे तो उसमे सफलता मिलनी तय है।

***मीन :*** आज आपका दिन बहुत ही शानदार रहेगा। भाग्य का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। अगर आपका कार्य शिक्षण संस्थान से जुड़ा है, तो आज लाभ होगा। व्यावसायिक प्रगति के लिए दिन अनुकूल है।

# करारी जलेबी बनाने के लिए फॉलो करें रेसिपी



सभी जलेबी खाना पसंद करते हैं, लेकिन इसे घर पर बनाने से कतराते हैं। दरअसल कई लोगों की शिकायत रहती है कि घर पर करारी जलेबी नहीं बनती है। तो आइए आज हम आपको करारी जलेबी बनाने की रेसिपी बताते हैं।

## सामग्री :

1 कप मैदा, आधा चम्मच बेकिंग पाउडर, एक चम्मच कॉर्न फ्लोर दो कप पानी, एक चुटकी पीला रंग, तलने के लिए तेल या घी।

## चाशनी बनाने के लिए सामग्री-

तीन कप पानी, तीन कप चीनी

## विधि :

- सबसे पहले आप एक बड़े बाउल में मैदा लें, अब इसमें बेकिंग सोडा, कॉर्न फ्लोर और पानी डालकर अच्छी तरह घोल बना लें। ध्यान रखें कि घोल पतली नहीं होनी चाहिए। जब आपका घोल तैयार हो जाये तो इसमें दो बड़े चम्मच दही डालकर मिक्स कर लें। अब इस घोल में पीला रंग डालें फिर भी अच्छी तरह से मिला लें। फिर इसे कुछ देर तक ढक कर रख दें। अब चाशनी तैयार कर लें। इसे बनाने के लिए एक पैन में 3 कप पानी डालकर गर्म करें। जब पानी में हल्का उबाल आने लगे तो इसमें 3 कप चीनी डाल लें। इसके बाद चाशनी तैयार कर लें, ये ध्यान रखें कि चाशनी न ज्यादा पतली होनी चाहिए और न बहुत ज्यादा गाढ़ी। अब एक पैन गर्म करें, इसमें तेल डालें। अब मैदे के मिश्रण को सूती कपड़े में डालें। फिर अपने हाथों से दबा कर पैन में जलेबी का आकार दें। जब जलेबी एक तरफ से पक जाए तो उसे दूसरे तरफ भी पलट दें। जलेबी दोनों तरफ से पर जाए तो उसे चाशनी में डाल दें। फिर उसे निकालकर रबड़ी के साथ गर्मागर्म परोसें।


# शब्द सामर्थ्य- 225

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 224 का हल



# सू-दोकू- 225

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.224 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |